आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 शनिवार 07.03.2026

मुख्य समाचारः—

1— दुर्ग जिले में अफीम की अवैध खेती करने के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता विनय ताम्रकार सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार—भाजपा ने विनय ताम्रकार को पार्टी से निलंबित किया।

2— रायपुर में आज ''लखपति दीदी संवाद'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन—मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व—सहायता समूह की महिलाओं, कैडर्स और लखपति दीदियों को किया सम्मानित।

3— जनऔषधि दिवस पर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

4— अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी अस्मिता लीग आयोजित की जाएगी—छत्तीसगढ़ में भी होंगे विभिन्न कार्यक्रम।

अफीम खेती—कार्रवाई

दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में अफीम की अवैध खेती करने के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता विनय ताम्रकार सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों से पूछताछ की जा रही है। मौके पर आबकारी, राजस्व, मजिस्ट्रेट, पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो—एनसीबी रायपुर की टीम मौजूद है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौड़ ने बताया कि पुलिस इस मामले का जल्द ही खुलासा करेगी। अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें विनायक ताम्रकार के अलावा बृजेश ताम्रकार और राजस्थान निवासी केयरटेयर विकास बिश्नोई शामिल हैं।

दुर्ग जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह पता चला है कि लगभग पांच से छह एकड़ में अफीम की खेती की जा रही थी।

इस बीच, भाजपा की प्रदेश इकाई ने पार्टी के राईस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनय ताम्रकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने कहा है कि श्री ताम्रकार का यह कृत्य अनुशासनहीन और पार्टी की छवि धूमिल करने वाला है।

लखपति दीदी संवाद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आज रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन—बिहान द्वारा ''लखपति दीदी संवाद'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेशभर से उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व—सहायता समूह की महिलाओं, कैडर्स और लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ''लखपति दीदी ग्राम पोर्टल'' का शुभारंभ किया। साथ ही लखपति दीदी पर आधारित कॉफी टेबल बुक तथा छत्तीसकला आधारित ब्रांड बुक का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

जनऔषधि दिवस

आज जनऔषधि दिवस है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज़ के ख़र्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्तापरक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इधर, राजधानी रायपुर के कोटा में आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यभर के जनऔषधि केन्द्र प्रभारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने जेनेरिक दवाओं के संबंध में आम जनता

के बीच भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सस्ती दवाओं का मतलब कम गुणवत्ता होने की धारणा उचित नहीं है। डॉक्टर चौधरी ने लोगों से सस्ती जेनेरिक दवाइयों का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रायपुर में संचालित जनऔषधि केन्द्रों की संख्या इस साल पचास के पार पहुंच जाएगी।

मुख्यमंत्री–लोक निर्माण विभाग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साय ने कल मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहीं भी निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों में तेजी आई है।

पीएम आवास योजना–राशि

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी टू प्वॉइंट ओ के तहत छत्तीसगढ़ में अट्‌ठाईस हजार से अधिक नये पक्के घरों के निर्माण के लिए चार सौ पैंतीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। पिछले महीने आयोजित केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति की बैठक में इसकी मंजूरी दी गई। समिति ने राज्य की दो सौ तिरसठ परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी है। इनमें दो सौ ग्यारह लाभार्थी आधारित निर्माण परियोजनाएं और बावन किफायती आधारित आवास परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेशभर के नगरीय निकायों में अट्‌ठाईस हजार चार सौ इकसठ आवासों का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवास योजना के लिए राशि स्वीकृत किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इससे हजारों जरूरतमंद परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार होगा। श्री साय ने बताया कि अगले छत्तीस महीनों में इन आवासों का निर्माण किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में सशस्त्र बल, पुलिस और अन्य क्षेत्रों सहित एक सौ पचास मंत्रालयों, विभागों और संगठनों से लगभग एक हजार महिलाएं भाग लेंगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल देशभर के दो सौ पचास स्थानों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जाएगा। खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने बताया कि यह आयोजन खेलो इंडिया के लैंगिक समानता के मिशन का हिस्सा है। इसका उद्देश्य लीग और प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं में खेलों को बढ़ावा देना है।

माय भारत के उपनिदेशक अर्पित कुमार तिवारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल रायपुर में माय भारत, खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण मिलकर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

यूपीएससी परीक्षा–छत्तीसगढ़

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी दो हजार पच्चीस का परीक्षा परिणाम कल घोषित किया गया। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के सात अभ्यर्थियों का भी चयन हुआ है। इनमें रायपुर जिले की वैभवी अग्रवाल और रौनक अग्रवाल शामिल हैं। वहीं, दुर्ग जिले से अनुभव अग्रवाल, मनेन्द्रगढ़ से दर्शना सिंह, धमतरी से डायमंड सिंह ध्रुव, बीजापुर से अंकित संकनी और महासमुंद जिले से संजय डहरिया ने सफलता हासिल की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चयनित अभ्यर्थियों से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

वहीं, यूपीएससी परीक्षा में पैंतीसवीं रैंक हासिल करने वाली रायपुर की वैभवी अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री से उनके रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वैभवी को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''नारायणपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

छत्तीसगढ़ में ''खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स'' का आयोजन आगामी पच्चीस मार्च से छह अप्रैल तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता रायपुर, सरगुजा और बस्तर में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मंत्रालय में खेल और युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक लेकर इस आयोजन की तैयारियों की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा ''प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स'' की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली है। इस प्रतियोगिता में सात प्रतिस्पर्धात्मक और दो प्रदर्शनात्मक खेल आयोजित किए जाएंगे। रायपुर में तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, स्वीमिंग और कबड्डी की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, सरगुजा में कुश्ती और मलखंभ तथा बस्तर में एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस प्रतियोगिता में देश के लगभग तीस राज्यों से करीब पच्चीस सौ खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

– घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत आज से साठ रुपये बढ़ गई है। यह दर महानगरों में लागू होगी। वहीं, व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक सौ पंद्रह रुपये की वृद्धि की गई है।

– वन मंत्री केदार कश्यप ने कल बस्तर जिले के भानपुरी स्थित सिविल अस्पताल में हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य सुविधा का लोकार्पण किया।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के दुर्ग–ताडोकी लाइन में गुंडरदेही–लाटाबोर में स्थित देवरी गेट अंडरब्रिज निर्माण पूर्ण होने के बाद आगामी बीस मार्च से स्थायी रूप से बंद हो जाएगा।

– कोंडागांव पुलिस ने चारपहिया एक वाहन से एक सौ बारह किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत ग्यारह लाख रूपये से अधिक बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।